राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने गांधीनगर स्थित "एनवायरमेंटल सेनिटेशन इंस्टीट्यूट" का अवलोकन किया

जयपुर/अहमदाबादए 16 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अहमदाबाद में सुघड़ए गांधीनगर में नर्मदा मुख्य नहर के पास स्थित "एनवायरमेंटल सेनिटेशन इंस्टीट्यूट" का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने वहां पर पर्यावरण स्वच्छता के अंतर्गत कम लागत वाली स्वच्छता प्रौद्योगिकी के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने हानिकारक प्रदूषण से मुक्त प्रौद्योगिकी के साथ संस्थान द्वारा स्वास्थ्यए स्वच्छताए पानीए और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

...

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाकात

जयपुर/अहमदाबादए 16 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की राजभवनए गुजरातए गांधीनगर में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाकात हुई। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

...

राज्यपाल श्री बागडे ने अहमदाबाद में आयोजित सेमिनार में भाग लिया

भाषाओं की समृद्धि के साथ राष्ट्र विकास बने हम सबकी प्राथमिकता

भाषाओं की संस्कृति से जुड़े शोध संदर्भों के लिए कार्य हो–राज्यपाल

जयपुर/अहमदाबादए 16 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नई शिक्षा नीति मातृभाषाओं में शिक्षा के साथ शोध की मौलिक दृष्टि से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत विविधता में एकता के साथ भाषाओं की समृद्ध विरासत से जुड़ा राष्ट्र है। शैक्षिक विकास के साथ श्विकसित भारतश् की समृद्ध परम्परा हेतु भाषाओं की संस्कृति से जुड़े शोध संदर्भों के लिए सभी मिलकर कार्य करे।

श्री बागड़े रविवार को डॉ. मफतलाल पटेलए अचला एजूकेशन ट्रस्ट द्वारा अहमदाबाद में   राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में श्भाषा साहित्य की शिक्षा और संशोधन: स्थिति एवं संभावनाएंश् पर आयोजित सेमिनार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित हेतु ऐसी शिक्षा और ऐसे संस्कार देने जरूरी है जिनसे देश की तरक्की मे ही विद्यार्थी स्वयं का हित देखे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में भाषा साहित्य की पढ़ाई के लिए संसाधनों को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। भाषाओं की विविधता में हर भाषा का अपना साहित्य है। यह हमारी संस्कृति और पहचान का हिस्सा है।

राज्यपाल ने कहा कि भाषा साहित्य–संशोधन सतत प्रक्रिया है। साहित्य भाषा का दर्पण हैए और यह भाषा में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीयता के सरोकारों के लिए भी सभी को मिलकर कार्य किए जाने पर जोर दिया।

....

ગુજરાત સાહિત્ય અકાદમી,
સંયુક્ત ઉપક્રમે માતૃભાષા સપ્તાહ અન્વયે આયોજિત

Smokeless Oven
Better Health through Sanitation

ગુજરાત સાહિત્ય અકાદમી, ગાંધીનગર